Jean Hailes for Women's Health

Abortion

# गर्भपात

सभी आयु और पृष्ठभूमियों से आने वाली महिलाओं को अनियोजित गर्भधारण हो सकता है। ऑस्ट्रेलिया में गर्भधारण के लगभग आधे प्रकरण अनियोजित होते हैं। कुछ महिलाएं अपने शिशु को जन्म देने का चयन करती हैं, जबकि अन्य महिलाएँ गर्भपात के माध्यम से अपनी गर्भावस्था को समाप्त करने का चयन करती हैं ।

## गर्भपात क्या होता है?

गर्भपात एक सुरक्षित चिकित्सा प्रक्रिया है, जिससे गर्भावस्था समाप्त हो जाती है। इसे 'टर्मिनेशन' या 'प्रेग्नेंसी टर्मिनेशन' भी कहा जाता है। यह अनुमानित है कि लगभग एक-तिहाई अनियोजित गर्भधारण समाप्त कर दिए जाते हैं।

## क्या ऑस्ट्रेलिया में गर्भपात वैध है?

ऑस्ट्रेलिया में गर्भपात केवल तभी वैध होता है, जब यह किसी पंजीकृत चिकित्सा पेशेवर द्वारा किया जाता है। लेकिन गर्भपात कानून अलग-अलग राज्यों और राज्य-क्षेत्रों में अलग-अलग होते हैं (उदाहरण के लिए इसके बारे में कानून कि महिलाएँ गर्भपात कैसे और कब करा सकती हैं)।

## गर्भपात के कारण

गर्भपात एक व्यक्तिगत चयन है। यह निर्णय लेना कठिन हो सकता है। गर्भपात कराने का विकल्प चुनने के कई कारण हो सकते हैं। कारण चाहे जो भी हो, यदि आप अपनी गर्भावस्था को समाप्त करना चाहती हैं तो यह आपकी अपनी पसंद है।

## गर्भपात के प्रकार

गर्भपात दो प्रकार के होते हैं: चिकित्सीय गर्भपात और सर्जिकल गर्भपात। दोनों तरीके सुरक्षित और प्रभावी होते हैं।

### चिकित्सीय गर्भपात

चिकित्सीय गर्भपात का अर्थ है कि आपको गर्भपात के लिए दवा लेनी होती हैं। यह विकल्प गर्भधारण के नौ सप्ताह तक उपलब्ध होता है।

यदि आप चिकित्सीय गर्भपात कराती हैं, तो आपको कई घंटों तक जोरदार ऐंठन होगी, लेकिन गर्भपात होने के बाद दर्द कम हो जाना चाहिए। आपका डॉक्टर ऐसे में आपकी मदद के लिए काफी असरदार दर्द निवारक दवा लिख सकता है। आपको घर पर ही इसका प्रबंध करने में सक्षम होना चाहिए।

### सर्जिकल गर्भपात

यदि आप नौ सप्ताहों से अधिक समय के लिए गर्भवती हैं, या आप मेडिकल गर्भपात नहीं कराना चाहती हैं, तो आप इसके बजाय आप सर्जिकल गर्भपात कराने का चयन कर सकती हैं।

सामान्य रूप से सर्जिकल गर्भपात एक दिन की प्रक्रिया के रूप में किया जाता है।

यदि आप संपूर्ण (जनरल) एनेस्थेटिक (जब आप सो रही होंगी) के तहत सर्जिकल गर्भपात कराती हैं, तो आपको दर्द का बिल्कुल भी अनुभव नहीं होगा। लेकिन बाद में आपको कुछ दिनों तक ऐंठन हो सकती है। यदि आप स्थानीय संवेदनाहारी के तहत सर्जिकल गर्भपात कराती हैं, तो गर्भपात के दौरान आपको हल्के से तीव्र स्तर की ऐंठन महसूस होने की संभावना रहती है।

अगले कुछ दिनों के दौरान मासिक चक्र के समान ऐंठन और दर्द होना भी सामान्य है।

दर्द से राहत पाने के लिए आप हीट पैक, दर्द निवारक दवाओं और आराम का इस्तेमाल कर सकते हैं।

यदि फिर भी आपको बहुत ज़्यादा दर्द होता है, तो अपने डॉक्टर से बात करें।

## आप फिर से सामान्य गतिविधियाँ कब कर सकती हैं?

यदि आपको शारीरिक और भावनात्मक रूप से अच्छा महसूस होता है, तो आप गर्भपात के अगले दिन से सामान्य गतिविधियाँ फिर से शुरू कर सकती हैं। लेकिन अगले एक से दो सप्ताहों के लिए आपको ये काम नहीं करने की कोशिश करनी चाहिए:

- भारी वज़न उठाना, शारीरिक कार्य और काफी मेहनत लगाकर की जाने वाली गतिविधियाँ
- सेक्स करना, टैम्पोन का उपयोग करना और अपनी योनि में कुछ भी प्रविष्ट करना
- स्नान करना या तैराकी करना।

आम भावनात्मक लक्षणों में शामिल हैं:

- मनोदशा में परिवर्तन
- बातें याद न रख पाना
- बेचैनी।

## गर्भपात का शुल्क क्या होता है?

गर्भपात का शुल्क इन बातों पर निर्भर करता है:

- गर्भपात का प्रकार
- आप गर्भावस्था के किस चरण में हैं
- आप कहाँ गर्भपात कराती हैं (जैसे, सरकारी या निजी क्लीनिक में)
- क्या आप Medicare के लिए पात्र हैं
- क्या आपके पास निजी स्वास्थ्य बीमा है

यदि आपके पास Medicare है और आप प्राइवेट क्लीनिक में जाती हैं, तो:

- चिकित्सीय गर्भपात का शुल्क $100 से $500 हो सकता है
- सर्जिकल गर्भपात का शुल्क $400 से $600 हो सकता है।

कुछ क्लीनिक या सार्वजनिक अस्पतालों का शुल्क कम हो सकता है। यदि आप पात्र हैं, तो आपको कोई भुगतान नहीं करना होगा। आपका डॉक्टर आपको और अधिक जानकारी दे सकता है।

## क्या आपको गर्भपात कराने के लिए रेफरल की आवश्यकता है?

गर्भपात की बुकिंग करने के लिए आपको अपने डॉक्टर से रेफरल की आवश्यकता नहीं होती है – पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के अतिरिक्त, जहाँ यह कानूनी रूप से आवश्यक है।

## क्या गर्भपात कराने से पहले आपको परामर्श की आवश्यकता होती है?

आपको परामर्श की आवश्यकता नहीं होती है, लेकिन अगर आप किसी के साथ बात करना चाहती हैं या और अधिक जानकारी प्राप्त करना चाहती हैं, तो यह उपलब्ध है।

## और अधिक जानकारी

आप गर्भपात के बारे में अपने डॉक्टर, स्थानीय परिवार नियोजन संगठन या महिला स्वास्थ्य केंद्र से और अधिक जानकारी हासिल कर सकती हैं। आप अपने राज्य में यौन स्वास्थ्य और परिवार नियोजन सेवा या स्थानीय एबोरिजिनल और टोरेस स्ट्रेट आइलैंडर मेडिकल सर्विस से भी संपर्क कर सकती हैं।

आप इन प्रतिष्ठित संगठनों से और अधिक जानकारी हासिल कर सकती हैं:

- MSI Australia (पूर्व में मैरी स्टॉप्स ऑस्ट्रेलिया के नाम से)
- 1800MyOptions (Vic)
- Children by Choice (Qld)
- Pregnancy Choices Helpline (NSW)
- Pregnancy Advisory Centre (SA)

**और अधिक जानकारी, संसाधनों और संदर्भों के लिए,** jeanhailes.org.au/healtha-z/sex-sexual-health/abortion **पर जाएँ**

Jean Hailes for Women's Health

**फ़ोन नंबर: 03 9453 8999**

**jeanhailes.org.au**

महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए जीन हेल्स (Jean Hailes) ऑस्ट्रेलियाई सरकार के समर्थन के लिए आभार व्यक्त करता है।

**मई 2023 को अपडेट किया गया**

अस्वीकरण: यह जानकारी चिकित्सा सलाह की जगह नहीं लेती है। यदि आप अपने स्वास्थ्य के बारे में चिंतित हैं, तो अपने डॉक्टर या स्वास्थ्य सेवा टीम से बात करें।

हम विविध पृष्ठभूमि, अनुभव और पहचान वाले लोगों के लिए स्वास्थ्य की जानकारी के बारे में लिखते हैं। हम 'महिला' शब्द का उपयोग करते हैं, लेकिन हम स्वीकार करते हैं कि इस शब्द में, हमारी सामग्री का उपयोग कर सकने वाले सभी लोग समावेशित नहीं हैं।

© महिला स्वास्थ्य 2023 के लिए जीन हेल्स